कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा / माध्य / संस्था / एफ–1 / 12102 / प्र.शा.स.III / सी.भ. / 2017–18 / दिनांक: 06.08.2020

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी–मुख्यालय,
माध्यमिक शिक्षा,

विषय :– राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III भर्ती परीक्षा 2018 के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को जिला आवंटन कर नियुक्ति एवं पदस्थापन करने के संबंध में।

प्रसंग :– इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक 01.08.2020

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र द्वारा राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के पत्र क्रमांक प. 14(70)(3)RSMSSB / अर्थना / मा.शि. / प्रयो.सहा. / पात्रता जाँच / 2018 / 1550 दिनांक 20.12.2019 द्वारा प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III भर्ती परीक्षा–2018 में **प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III** पद हेतु अन्तिम रूप से चयनित एवं अभिस्तावित किये गये अभ्यर्थियों का विभाग स्तर से परिनिरीक्षा उपरान्त जिला आवंटन कर मूल विस्तृत आवेदन पत्र मय सूची परामर्श शिविर (काउसंलिग) आयोजित किया जाने हेतु आपको सुपूर्द की गई थी।

प्रासंगिक पत्र में जिला आवंटन के पश्चात पदस्थापन की प्रक्रिया हेतु जारी दिशा–निर्देशों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है –

पूर्व में जारी दिशा–निर्देश	नवीन संशोधित दिशा–निर्देश
A. <u>जिला आवंटन के पश्चात पदस्थापन की प्रक्रिया</u> :– 01. जिले को पदस्थापन हेतु उपलब्ध करवाये गए अभ्यर्थियों की काउंसलिंग हेतु जिले में उपलब्ध अभ्यर्थियों के अनुपात में विद्यालयों को निम्न प्राथमिकता अनुसार (125 प्रतिशत राउण्ड अप) प्रदर्शित किया जायेगा – a) प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III के रिक्त पद वाले ग्रामीण क्षेत्र के समस्त राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में की जावें।(कक्षा 11 व 12 के नामांकन के घटते हुए क्रम में) b) यदि बिन्दु संख्या a) से उपलब्ध विद्यालयों की संख्या प्रदर्शित किए जाने वाले विद्यालयों की संख्या से कम होने पर शहरी विद्यालयों को प्रदर्शित किया जावे।	**A. <u>जिला आवंटन के पश्चात पदस्थापन की प्रक्रिया</u> :–** 01. जिले को पदस्थापन हेतु उपलब्ध करवाये गए अभ्यर्थियों की काउंसलिंग हेतु जिले में उपलब्ध अभ्यर्थियों के अनुपात में विद्यालयों को निम्न प्राथमिकता अनुसार (125 प्रतिशत राउण्ड अप) प्रदर्शित किया जायेगा – a) प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III के रिक्त पद वाले समस्त (शहरी / ग्रामीण) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में की जावें। (कक्षा 11 व 12 के नामांकन के घटते हुए क्रम में) b) एक ही विद्यालय में एक से अधिक प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III के रिक्त पद की स्थिति में एक पद ही प्रदर्शित किया जावें। c) यदि प्रदर्शित रिक्तियों की संख्या (125 प्रतिशत राउण्ड अप) कम होने पर ही दुसरी रिक्ति प्रदर्शित की जावें।

शेष शर्ते प्रासंगिक पत्रानुसार यथावत रहेगी।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान बीकानेर

प्रतिलपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. शासन संयुक्त सचिव, शिक्षा(ग्रुप–2)विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. शासन उप सचिव, कार्मिक (क–2)विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
4. सिस्टम एनालिस्टेट, कम्प्युटर अनुभाग कार्यालय हाजा।
5. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(प्रशिक्षण),
माध्यमिक शिक्षा–राजस्थान,
बीकानेर